इवेंट्स TODAY

'एन ईवनिंग विद पत्रिका'

राजस्थान पत्रिका की ओर से गुरुवार को मानसरोवर स्थित अहिंसा पार्क में 'एन ईवनिंग विद पत्रिका' कार्यक्रम सेलिब्रेट किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल सी. एन. खंडेलवाल होंगे। अध्यक्षता उर्मिला जैन करेंगी। इसमें स्थानीय निवासियों को फन गेम्स सहित कई एक्टिविटीज एंजॉय करने का मौका मिलेगा।

श्रुति अधिकारी का संतूर वादन

जवाहर कला केन्द्र के रंगायन सभागार में गुरूवारीय संगीत संध्या के तहत भोपाल की संतूर वादिका श्रुति अधिकारी प्रस्तुति देंगी। श्रुति संतूर पर शास्त्रीय संगीत की स्वर लहरियों से जयपुर के कला रसिकों को रूबरू करवाएंगी। उनके साथ तबले पर जयपुर के मोहम्मद अहमद संगत करेंगे। श्रुति देश के कई प्रमुख शहरों में अपनी कला के जादू से श्रोताओं को दिल जीत चुकीं हैं।

रोलिंग स्टोन के कवर पर 'बॉम्बर'

आम तौर पर जिस मैगजीन के कवर पर रॉकस्टार्स और टॉप सेलिब्रिटीज का फोटो पब्लिश होता था, वहीं इस बार बॉस्टन मैराथन बम के संदिग्ध को जगह दी गई है।

यह मैगजीन है रोलिंग स्टोन, जिसके अगस्त के इशु के कवर पेज पर मैराथन बम के संदिग्ध जोखर सारनेव का महिमा मंडन छापा गया है। इस कथित बॉम्बर को मैगजीन पर इस तरह प्रमुखता से छापने पर ऑनलाइन वर्ल्ड में जमकर निंदा की जा रही है।

सोशल मीडिया से ली फोटो

कवर पेज पर छपी इस 19 वर्षीय संदिग्ध की फोटो उसके सोशल मीडिया अकाउंट से ली गईं है। इस फोटो में सारनेव की बिखरी हेयर स्टाइल है और वो अजीब तरीके से कैमरे की ओर घूर रहा है। कवर पर हेडलाइन छपा है, 'द बॉम्बर। किस तरह एक पॉपुलर और प्रॉमिसिंग स्टूडेंट हैवान बन जाता है।'

फेसबुक पर कमेंट

छह हजार से ज्यादा लोगों ने इस मैगजीन के फेसबुक पेज पर कमेंट कर सारनेव को छापने के रोलिंग स्टोन के निर्णय की निंदा की है। फेसबुक पर एक व्यक्ति ने लिखा है, 'मुझे लगता है कि ऐसे लोग को सेलिब्रिटी बनाना गलत है। रोलिंग स्टोन का कवर इस लड़के को क्यों दिया गया? टाइम ने चार्ल्स मैनसन को कवर पेज पर जगह दी थी और सभी मैगजीन्स ने कोलंबियन शूटर्स के पिक्चर्स को कवर किया था। ऐसे लोगों को महान क्यों बनाया जा रहा है?'

... की लास्ट कटऑफ

महारानी कॉलेज में बुधवार को साइंस एसएफएस की 150 सीटों के लिए लिस्ट जारी की गई। लिस्ट में एडमिशन पाने वाली गर्ल्स को 22 जुलाई तक फीस जमा करवानी होगी। मैथ्स ग्रुप में जनरल का 85.20, ओबीसी का 83.60, एससी का 63.60 और एसटी का 77 प्रतिशत कटऑफ रहा। बायोलॉजी ग्रुप में जनरल में 78.80, ओबीसी में 77.60, एससी में 70.40 और एसटी में 70 प्रतिशत रही। राजस्थान कॉलेज में 166 सीटों के लिए एसएफएस की लिस्ट जारी की। बीए में जनरल की कटऑफ 72.40, ओबीसी 70.8, एससी 66.4 और एसटी की 71.2 प्रतिशत रही। इकोनॉमिक्स, ज्योग्रॉफी, हिस्ट्री और पॉलिटिकल साइंस ऑनर्स में ओबीसी, एससी और एसटी कैटेगरी के लिए लिस्ट निकाली है।

पीजी एंट्रेंस रिजल्ट 19 को

पीजी एडमिशन कमेटी की मीटिंग में रिजल्ट की डेट तय हुई। पीजी एंट्रेंस टैस्ट का रिजल्ट 19 जुलाई को घोषित किया जाएगा।

खूबसूरती कैद करने निकले फ्रेंक

plus रिपोर्टर
plusreporter@patrika.com

प्राकृतिक और नैसर्गिक खूबसूरती को क्लिक करने के लिए जर्मनी के फ्रेंक लिंडरट बाइक से वर्ल्ड टूर पर निकले हैं। इसी के चलते वे बुधवार को पिंकसिटी पहुंचे। 'मोटो-फोटो' टूर के तहत फ्रेंक बेहतरीन सिटीज की खूबसूरती को क्लिक करने बाइक से निकले हैं। इस दौरान फ्रेंक पत्रिका कार्यालय पहुंचे और अपने अनुभवों को पत्रिका प्लस के साथ शेयर किया।

अपनी बाइक से पत्रिका कार्यालय पहुंचे फ्रेंक लिंडरट।

फ्रेंक ने बताया कि 2010 में जर्मनी से टूर की शुरुआत की थी। इसके बाद अब तक 44 देशों की कई सिटीज की खूबसूरती को कैमरे में कैद किया है। पेशे से फोटो जर्नलिस्ट फ्रेंक दोस्तों की राय पर इस मिशन पर निकले हैं। ब्यूटी को सामने लाया जाना चाहिए, इसके लिए मैं बाइक से हर उस जगह जा रहा हूं, जो खूबसूरत है। फ्रेंक बताते हैं कि मैं फ्रांस, स्पेन, मिस्त्र, टर्की, ईरान, पाकिस्तान, चाइना, मलेशिया, इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया का टूर कर चुका हूं। तीन साल में मैंने 43 हजार किलोमीटर की यात्रा की है।

जयपुर है बेस्ट

वे बताते है कि पिंकसिटी का कोई मुकाबला नहीं है। यह सिटी अन्य सिटीज की तुलना में काफी खूबसूरत है। जयपुर की ब्यूटी को समझने के लिए अभी दो-तीन दिन यहां घूमना होगा। मैं बीएमडब्लू जीएस 100 मॉडल की बाइक पर निकला हूं और जयपुर आते ही यह खराब हो गई। लेकिन यहां के लोगों ने बाइक को सही कर दिया। वे बताते है कि इंडिया से उनका पुराना नाता रहा है। कलकत्ता के यूनिवर्सिटी ऑफ फाइन आर्ट में वे फोटोग्राफी की क्लास लिया करते थे।